


# परमिशन विरुद्ध में कार्य होने के बावजूद प्रशासन क्यों मौन

## राजनीतिक दवाब या गुलाबी रंग का कमाल

## शवांजली सोसायटी प्लोट १५ ,१६ ,२१,२२,२३,२४, में मजूंर प्लान के विपरीतकार्य होने के बावजूद भी किसी प्रकार की कार्यवाही करने में सूरत मनपा नाकाम

## अधिकारीयों पर दवाब बना कर किया जा रहा कार्य

## नगर पालिका द्वारा नोटिस देने के बाद भी कार्यवाही न करने के लिए बना रहे दबाव

## सोशल मीडिया पर सस्ते खिलौनों के विज्ञापन देखकर ठगने वाला गिरोह गिरफ्तार

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत के वराछा इलाके के युवाओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक में एक डमी वेबसाइट बनाई। जिसमें लालची विज्ञापन देकर लोगों से आर्थिक ठगी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी सस्ते खिलौने देने की स्कीमों के नाम पर पैसे ऐंठते थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की है।

फेसबुक पर खिलौने बेचने के लिए फ्लिपकार्ट नाम की फर्जी वेबसाइट बनाई गई थी। मात्र ३८९ रुपये में खिलौनों की लालच देकर ठगी की गई। ३५०० से अधिक विभिन्न लोगों को धोखा दिया गया। यह गैंग लोगों से छोटे-छोटे पैसे का चूना लगाता था ताकि कोई पुलिस शिकायत न हो। पुलिस ने बैंक खाते की जांच में बड़ा खुलासा किया है। आरोपियों के बैंक खाते में १३ लाख ८३ हजार से अधिक की रकम जमा थी।

पकड़े गए लोग हर दो दिन में फेसबुक पर अपनी आईडी

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक में डमी वेबसाइट बनाई,जिसमें लालची विज्ञापन देकर लोगों से कि आर्थिक ठगी पुलिस द्वारा गिरफ्तार**

बदलते और डिलीट करते थे। वराछा पुलिस ने मामला दर्ज कर अवनिक भरत वघासिया, निखिल हसमुखभाई सावलिया और लक्षांत

## पीएम मोदी के बंदोबस्त से लौटते वक्तअज्ञात वाहन की चपेट में आने से पुलिसकर्मी की मौत

**मृतक सेतुलकुमार जयंतीलाल चौधरी ४ साल से पुलिस में नौकरी कर रहा था**

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत पुलिस हेड क्वार्टर पुलिस जवान पीएम नरेंद्र मोदी के तापी जिले के काकरापार कार्यक्रम के दौरान बंदोबस्त पर थे । कार्यक्रम पुरा होने के बाद अपनी बाईक से सूरत लौट रहे थे तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। सूरत सिविल अस्पताल में पोस्ट मोर्टम के बाद पुलिस बेन्ड ने मृतक पुलिस जवाने के सम्मान में गार्ड ऑफ ओनर दिया।

पुलिस कांस्टेबल सेतुल चौधरी काकरापार के बंदोबस्त पूरा होने के बाद बाइक से सूरत

**सूरत सिविल अस्पताल में पोस्ट मोर्टम के बाद पुलिस विभाग ने मृतक जवान के सम्मान में गार्ड ऑफ ओनर दिया**



आ रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन के चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसलिए पुलिसकर्मी सेतुल को इलाज के लिए अर्थ सिविल अस्पताल लाया गया। थोड़े समय के इलाज के बाद उनकी मृत्यु हो गई, उनके परिवार और साथी पुलिसकर्मी शोक में थे। जानकारी के मुताबिक, मूल रूप से व्यारनो का रहने वाला और सूरत के नानपुरा में रहने वाला ३० वर्षीय सेतुलकुमार जयंतीलाल चौधरी परिवार के साथ रहता था। परिवार में माँ, पिता और एक बहन है। सेतुल सूरत पुलिस मुख्यालय में सशस्त्र एलआर के रूप में कार्यरत थे। उनका चयन २०१९ में हुआ था और वह ४ साल तक ड्यूटी पर रहे। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरूकी है।

## उधना में राष्ट्रीय पक्षी मोर के पीछे आवारा कुत्तों के भागने से लोगों ने बचाया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत शहर में दो दिनों में फायर ब्रिगेड ने अलग-अलग इलाकों में पतंग की डोर में फंसे २० पक्षियों को बचाया। आज सुबह उधना में लक्ष्मीनारायण इंडस्ट्रीज के पास पतंग की डोर में फंसे राष्ट्रीय पक्षी मोर के पिछे कुत्ते भाग रहे थे तो लोगों ने बचाया।

फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार उधना रोड नंबर ६ पर महेंद्रा शोरूम के पास लक्ष्मीनारायण इंडस्ट्रीज के पास राष्ट्रीय पक्षी मोर के पैर में पतंग की डोर फंस गई। तभी आवारा कुत्ते मोर के पीछे दौड़ पड़े। रास्ते से गुजरते एक शख्स की

***दो दिन में पतंग की लटकती डोर में फंसे २० पक्षियों को फायर ब्रिगेड ने बचाया***

**राष्ट्रीय पक्षी को कुत्तों से बचाकर पक्षी संगठन को सौंप दिया**

नजर कुत्ते पर पड़ी और उसने राष्ट्रीय पक्षी मोर को कुत्तो से बचा लिया। अग्निशमन सूत्र ने बताया कि कॉल मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और मोर के पैरों में फंसा धागा निकाला और मोर को पक्षी संगठन को सौंप दिया। इसके साथ ही सूरत शहर में दो दिनों में, सरथाणा में महादेव मंदिर के पास, मोटा वराछा में गोकुलधाम के पास, सूदामा चौक, वेसू नंदनवन के पास, वेसू, डभोलीगाम, लिंबायत सहित इलाकों में फायर ब्रिगेड ने पतंग की डोर में फंसे २० पक्षियों को अग्निशमन विभाग ने बचाया।




## इलेक्ट्रिक मोपेड से सड़क पर खतरनाक स्टंट करते युवक का वीडियो हुआ वायरल

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत की सड़कों पर स्टंट करने वालों को पुलिस कानूनी पाठ पढ़ा रही है। दो युवको को इलेक्ट्रिक मोपेड पर सार्वजनिक सड़कों पर स्टंट करते देखा गया। अपने साथ पैदल यात्रियों और अन्य वाहन चालकों की जान को खतरे में डालने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह पुलिस जांच का विषय बन गया है।

कथित तौर पर वायरल हो रहा वीडियो पांडेसरा इलाके का

**फोर व्हिल चालक द्वारा मोपेड चालकों का स्टंट का विडियो कैद कर लिया जो अब पुलिस के लिए जांच का विषय बन गया इन बदमाशों को कानून के प्रति जागरूक करना चाहिए**



बताया जा रहा है। दोनों युवक मोपेड के हैंडल और सीट के बीच की जगह पर बैठकर मोपेड चलाते हैं। जबकि पीछे की सीट पर एक युवक मुंह ढके बैठा है। मोपेड सर्पिलाकार चलता है जैसे वह किसी से टकराने वाली हो। यह मोपेड चौक और बीआरटीएस रूट पर भी खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए कैमरे में कैद हुई है। एक चार पहिया वाहन चालक ने इस मोपेड चालक का खतरनाक स्टंट का वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। जिसके आधार पर पुलिस से जांच करने की मांग की जा रही है। सोशल मीडिया पर कमेंट आ रहे हैं कि पुलिस को पिछली घटना की तरह इन बदमाशों को भी कानून के प्रति जागरूक करना चाहिए।

## नगर निगम संचालित शिक्षा समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर हुई नियुक्ति

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत नगर प्राथमिक शिक्षा समिति के नए अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राजेंद्र कापड़िया के नाम की घोषणा की गई है। कापड़िया अब समिति के नये अध्यक्ष बन गये हैं। उपाध्यक्ष के तौर पर रंजन गोस्वामी के नाम की घोषणा की गई है। आज की आम बैठक में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर राजेंद्र कापड़िया और रंजना गोस्वामी की घोषणा ने सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। इससे पहले कुछ दिन पहले शिक्षा समिति के तत्कालीन अध्यक्ष धनेश शाह का नाम कथित पर्चा कांड में उछला था, उन्होने निजि कारण बताकर इस्तीफा दे दिया था।

## २६ फरवरी से शहर की सड़कों पर ५० से अधिक इलेक्ट्रिक बसें चलेगी

**उधना दरवाजा से सचिन और ओएनजीसी से सरथाणा तक दो रूट पर चलेगी नई बसे**

**नई आधुनिक इलेक्ट्रीक बसों का ट्रायल लिया गया**

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com




सूरत नगर निगम द्वारा सार्वजनिक परिवहन सेवा के हिस्से के रूप में, सूरत शहर और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को रियायती दरों पर बीआरटीएस और सिटीबस सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सूरत शहर भारत का एकमात्र शहर है जहां आप सीटी बस और बीआरटीएस में एक टिकट से यात्रा कर सकते हैं। वर्तमान में लगभग २,५०,००० नागरिक प्रतिदिन बीआरटीएस के कुल १३ मार्गों और सीटीबस के कुल ४५ मार्गों पर सार्वजनिक परिवहन सेवा का लाभ उठा रहे हैं।

२२/०२/२०२४ को प्रधान मंत्री नरेंद्रभाई मोदी के तत्वावधान में नवसारी में सूरत नगर निगम की विभिन्न परियोजनाओं के अनावरण कार्यक्रम में जेबीएम कंपनी की ५० इलेक्ट्रिक बसों का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। जो आज दिनांक २३/०२/२०२४ को भेस्तान बीआरटीएस डिपो में सूरत नगर निगम की सार्वजनिक परिवहन समिति के अध्यक्ष सोमनाथ मराठे, इंचार्ज आसी. आयुक्त प्रवीण प्रसाद , जेबीएम कंपनी के गणमान्य व्यक्तियों और सूरत सिटीलिंक लिमिटेड के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जेबीएम कंपनी की इलेक्ट्रिक बसों का ट्रायल लिया और नई आधुनिक बस की सुविधाओं के बारे में जाना।

इन बसों की खासियत के बारे में जानकारी देते हुए नगर निगम की परिवहन समिति के अध्यक्ष सोमनाथ मराठे ने कहा कि बसों में सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस नेविगेशन, यात्री सूचना प्रणाली, यात्री घोषणा प्रणाली, पूरी तरह से वातानुकूलित सुविधाओं जैसी उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित मानक आकार (१२ मीटर) की इलेक्ट्रिक बसें है। इन नई आधुनिक इलेक्ट्रीक बसों को २६/०२/२०२४ से बीआरटीएस रूट नंबर ११ (उधना दरवाजा से सचिन जीआईडीसी) और बीआरटीएस रूट नंबर १२ (ओएनजीसी कॉलोनी से सरथाणा नेचर पार्क) को सार्वजनिक परिवहन सेवा में डाला जाएगा।